मैं दर आ गया हूँ मेरी सुध लेना

ओ सांवरे मेरी सुध लेना
मैं तंग आ गया हूँ मेरी सुध लेना
मैं दर आ गया हूँ मेरी सुध लेना
तेरे दर पर आया मैंने शीश झुकाया
अब विनती मेरी सुन लेना मेरी सुध लेना
मैं दर आ गया हूँ ....

खाटू की गालियां लगती प्यारी
अब तो आवो श्याम मुरारी
अब तो आओ कृष्ण मुरारी
मुझे नींद ना आये मुझे चैन ना ए
मेरा मुश्किल हो गया जीना मेरी सुध लेना
मैं दर आ गया हूँ ....

मेरे दुखड़े मेरे सपने
पूरे करो बाबा द्वार पे अपने
तुम हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे
ये अर्ज़ी मेरी सुन लेना मेरी सुध लेना
मैं दर आ गया हूँ ....

सुन लो मेरी खाटू वाले
मेरी विनती पालनहारे
तेरा विनि दीवाना अब हो गया प्यारे
अब झोली मेरी भर देना मेरी सुध लेना
मैं दर आ गया हूँ ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20500/title/main-dar-aa-geya-hu-meri-sudh-lena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |